प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को सम्बोधित करेंगी। उनका यह सम्बोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति का संबोधन दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिन्दी में और उसके बाद अंग्रेज़ी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद रात 8 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगें।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति के संबोधन को देखते हुए आज प्रादेशिक समाचार बुलेटिन सांय 7 बजकर 45 मिनट के स्थान पर सांय 6 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित होगा।

सजा में रियायत

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार ने कानून के तहत पात्र सजा याफता 4 सौ 33 कैदियों को उनकी सजा में छूट प्रदान की है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने आज शिमला में कहा कि प्रदेश की विभिन्न जेलों में इस समय एक हजार 25 सजा याफता कैदी हैं। उन्होंने कहा कि पात्र कैदियों की सजा में नियमानुसार रियायत दी गई है। प्रवक्ता ने कहा कि सजा में दी गई इस छूट के चलते तीन कैदियों की कल स्वतंत्रता के मौके पर जेल से रिहाई होगी।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि पौधरोपण सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है और पौधे पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ आने वाली पीढ़ियों के बेहतर और सुरक्षित भविष्य की नींव तैयार करते हैं। अग्निहोत्री आज हरोली विधानसभा क्षेत्र के कुठार बीत में जिला स्तरीय वन महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर रूद्राक्ष का पौधा रोपित कर पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊना जिला में इस वर्ष लगभग 2 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे।

अनुराग ठाकुर

सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि राजनीति में मतभेद और असहमति अपनी जगह है लेकिन राहुल गांधी की भाषा अब उनके पालन–पोषण और संस्कारों पर सवाल खड़े करने लगी है।

अनुराग ठाकुर ने आज हमीरपुर में तिरंगा यात्रा के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिस परिवार की महिलाएं देश के सर्वोच्च पदों पर रही हैं, उसी परिवार से आने वाले राहुल गांधी द्वारा एक महिला राष्ट्राध्यक्ष के बारे में अशोभनीय टिप्पणी करना उनकी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद की आड़ में संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तिाओं के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग स्वीकार्य नहीं हो सकता।

मांग

प्रदेश में लम्बे समय से शिक्षकों की भर्तियां नहीं होने और अस्थायी नियुक्तिओं के विरोध में आज कांगड़ा जिला बेरोजगार बीएड संघ ने धर्मशाला में प्रदर्शन किया। इस मौके पर संघ ने महासचिव सोनी कुमार के नेतृत्व में उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा और सरकार से बैच वाइज भर्ती प्रक्रिया बहाल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने संघ की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

जल प्रबंधन

राज्य जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष शशि शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार उत्तराखंड में जल संरक्षण के लिए अपनाए जा रहे मॉडल का अध्ययन करने के बाद इसे हिमाचल की परिस्थितियों के अनुसार लागू किया जाएगा। उत्तराखंड के जल प्रबंधन मॉडल का अध्ययन करने के बाद लौटे शशि शर्मा ने नाहन में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में प्राकृतिक जल स्रोतों का चिन्हित किया जा रहा है। इन स्रोतों के संरक्षण और सवंर्धन के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।